राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड

राज्य कृषि प्रबंध संस्थान परिसर, दुर्गापुरा, जयपुर–302018,फोन– 0141–2552796

क्रमांकः प.14(145)RSSB/अर्थना/CET Graduate/2024/ दिनांक :

–:: कार्यालय आदेश ::–

समान पात्रता परीक्षा (CET) (स्नातक स्तर)–2024

बोर्ड द्वारा समान पात्रता परीक्षा (CET) (स्नातक स्तर)–2024 हेतु दिनांक 06.08.2024 को विज्ञापन जारी कर ऑनलाईन आवेदन आमंत्रित कर दिनांक 27.09.2024 से 28.09.2024 तक परीक्षा आयोजित करवाई गई है। उक्त भर्ती के ऑनलाईन आवेदन पत्रों में त्रुटि सुधार हेतु अवसर प्रदान करते हुए **दिनांक 23.10.2024 से दिनांक 01.11.2024 23.59 बजे तक ऑनलाईन संशोधन हेतु अंतिम अवसर प्रदान किया जाता है।** ऑनलाईन आवेदन में अभ्यर्थी **फोटो, हस्ताक्षर** एवं **उन सूचनाओं को परिवर्तित नहीं कर पाएगा जो उसने OTR के समय दर्ज की है,** शेष प्रविशिष्टियों में संशोधन किया जा सकेगा। शैक्षणिक योग्यता में अभ्यर्थी ऑनलाइन संशोधन की अवधि में ही संशोधन कर सकते है। इसके पश्चात् शैक्षणिक योग्यता के कॉलम में बोर्ड/विश्वविद्यालय का नाम, रोल नं., उत्तीर्ण वर्ष इत्यादि में कोई संशोधन नहीं कर सकेगा। बोर्ड द्वारा जारी कार्यालय आदेश दिनांक 27.07.2023 के अनुसार ऑनलाईन आवेदन के लिये **One Time Registration (OTR) में शैक्षणिक योग्यता में केवल मात्र एकबारीय संशोधन की अनुमति दी गयी है।** अभ्यर्थी को शैक्षणिक योग्यता में संशोधन करने हेतु पहले, OTR पेज पर स्वयं की शैक्षणिक योग्यता में संशोधन करना होगा इससे उस शैक्षणिक योग्यता में संशोधन करने का विकल्प स्वयं के ऑनलाईन आवेदन में ऑनलाईन आवेदन को संशोधित करने की अवधि के दौरान उपलब्ध रहेगा, जिसे उपयोग में लेकर वह शैक्षणिक योग्यता में वांछित संशोधन कर सकता है। इसके अतिरिक्त अन्य सूचनाओं यथा श्रेणी, विशेष श्रेणी, उप श्रेणी, वैवाहिक स्थिति इत्यादि में निर्धारित रू. 300/–का शुल्क ऑनलाईन भुगतान कर संशोधन कर सकेंगे। **उक्त समय सीमा के पश्चात् किसी भी स्थिति में बोर्ड द्वारा कोई संशोधन नहीं किया जावेगा, जिसकी समस्त जिम्मेदारी अभ्यर्थी की होगी। इस हेतु बोर्ड द्वारा कोई भी ऑफलाईन प्रार्थना पत्र स्वीकार नहीं किया जावेगा।**

(डॉ. बी. सी. बधाल)
सचिव

RajKaj Ref
11273034

Signature valid
(डॉ. बी. सी. बधाल)
सचिव
Digitally signed by Bhag Chand Badhal
Designation : Secretary
Date: 2024.10.21 17:31:40 IST
Reason: Approved